# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जूनागढ़

## द्‍वितीय छमाही बैठक
## 29 अप्रैल, 2016

# नगर राजभाषा समिति : गठन एवं प्रयोजन

राजभाषा विभाग के दिनांक 22.11.1976 के का.ज्ञा.सं. 1/14011/12/76-रा.भा. (क-1) के अनुसार देश के उन सभी नगरों में जहां केंद्रीय सरकार के 10 या 10 से अधिक कार्यालय हों, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया जाता है।

# अध्यक्षता

इन समितियों की अध्यक्षता नगर विशेष में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि के वरिष्ठतम अधिकारियों में से किसी एक के  द्‌वारा की जाती है । अध्यक्ष को राजभाषा विभाग द्‌वारा नामित किया जाता है । नामित किए जाने से पूर्व प्रस्तावित अध्यक्ष से समिति की अध्यक्षता के संबंध में लिखित सहमति प्राप्त की जाती है ।

# सदस्यता

नगर में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालय/उपक्रम/बैंक आदि अनिवार्य रूप से इस समिति के सदस्य होते हैं । उनके वरिष्ठतम अधिकारियों(प्रशासनिक प्रधानों) से यह अपेक्षा की जाती है कि वे समिति की बैठकों में नियमित रूप से भाग लें ।

# सदस्य सचिव

समिति के सचिवालय के संचालन के लिए समिति के अध्यक्ष द्वारा अपने कार्यालय से अथवा किसी सदस्य कार्यालय से एक हिंदी विशेषज्ञ को उसकी सहमति से समिति का सदस्य-सचिव मनोनीत किया जाता है । अध्यक्ष की अनुमति से समिति के कार्यकलाप सदस्य-सचिव द्वारा किए जाते हैं ।

# बैठकें

इन समितियों की वर्ष में दो बैठकें आयोजित की जाती हैं । प्रत्येक समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए राजभाषा विभाग द्‌वारा एक कैलेंडर रखा जाता है जिसमें प्रत्येक समिति की बैठक हेतु एक निश्चित महीना निर्धारित किया जाता है ।  इन बैठकों के आयोजन संबंधी सूचना समिति के गठन के समय दी जाती है और निर्धारित महीनों में समिति को अपनी बैठकें करनी होती हैं ।

# प्रतिनिधित्व

इन समितियों की बैठकों में नगर विशेष में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि के प्रशासनिक प्रधान भाग लेते हैं । राजभाषा विभाग (मुख्यालय) एवं इसके क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के अधिकारी भी इन बैठकों में राजभाषा विभाग का प्रतिनिधित्व करते हैं । नगर स्थित केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद की शाखाओं में से किसी एक प्रतिनिधि एवं हिंदी शिक्षण योजना के किसी एक अधिकारी को भी बैठक में आमंत्रित किया जाता है ।

# उद्देश्य

केंद्रीय सरकार के देश भर में फैले हुए कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के मार्ग में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक संयुक्त मंच की आवश्यकता महसूस की गई ताकि वे मिल बैठकर सभी कार्यालय/उपक्रम/बैंक आदि चर्चा कर सकें । फलत: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के गठन का निर्णय लिया गया । इन समितियों के गठन का प्रमुख उद्देश्य केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करना, इसे बढ़ावा देना और इसके मार्ग में आई कठिनाइयों को दूर करना है ।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति संबंधी संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों पर जारी आदेश

1. जिन समितियों की सदस्य संख्या 150 या इससे अधिक हो, उन्हें दो भागों में बांटा जाए |

2. सभी मंत्रालयों/विभागों अपने संबद्/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, उपक्रमों और कार्यालयों के प्रमुखों बैंकों आदि को निदेश दें कि वे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में स्वयं भाग लें |

3. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख समिति के निर्णयों पर कार्यवाही की निगरानी व समीक्षा सुनिश्चित करें।

4. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में दो बैठकें अपेक्षित हैं । इन बैठकों में कार्यालय अनिवार्य रूप से भाग लें । इस संबंध में राजभाषा विभाग समुचित निर्देश जारी करें ।

5. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों द्वारा प्रत्येक वर्ष राजभाषा समारोह/संगोष्ठी आयोजित की जानी चाहिए ताकि राजभाषा के प्रयोग के प्रति जागरूकता पैदा हो और अनुकूल वातावरण बने ।

6. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के प्रभावी संचालन हेतु नराकास सचिवालय को स्थाई तौर पर अतिरिक्त मानव संसाधन एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाना चाहिए

7. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों के आयोजन में व्यय होने वाली राशि की सीमा रू0 3000/- से बढ़ाकर रू0 10,000/- कर देना चाहिए अथवा सदस्य कार्यालयों द्वारा लिए जाने वाले योगदान को संहिताबद्ध (कोडिफाई) किया जाए ताकि सदस्य कार्यालयों को इस राशि की मंत्रालयों/मुख्यालयों से स्वीकृति आदि प्राप्त करने में कोई कठिनाई न हो ।

8. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां अपने सदस्य-कार्यालयों के सहयोग से उनके पास उपलब्ध आंतरिक संसाधनों से ही समितियों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक सुविधाएं जुटाएं । किसी भी प्रकार का अतिरिक्त मानव संसाधन इत्यादि राजभाषा विभाग द्वारा प्रदान नहीं किया जायेगा |

9. प्रत्येक क्षेत्र में राजभाषा गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष नराकास अध्यक्षों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाना चाहिए तथा राजभाषा नीति व लक्ष्यों के निर्धारण के मामले में इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए ।

10. नराकास की बैठकों में राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधित्व यथासंभव सुनिश्चित किया जाए ।

11. सिफारिशों पर राजभाषा अधिनियम, राजभाषा नियम तथा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के परिप्रेक्ष्य में यथासंभव अनुपालन किया जाए ।

# भाकृअनुप-मूंगफली अनुसंधान निदेशालय, जूनागढ़ द्वारा पिछली छमाही के दौरान राजभाषा सम्बन्धी किये गए कार्यों का विवरण:

**केंद्रीय सरकार के कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

31 दिसम्बर2015-2016 **को समाप्त तिमाही**

**भाग - I (प्रत्येक तिमाही में भरा जाए)**

**कार्यालय का नाम** भा कृ अ नु प - मूँगफली अनुसन्धान निदेशालय , जूनागढ

**भाषाई क्षेत्र** भाषा क्षेत्र ख

**संबंधित राजभाषा अधिकारी का फोन नं. :** 02852673843

**ई-मेल** dpsidarvesh444@gmail.com

**1. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात***

(क) जारी कागजात की कुल संख्या 45

(ख) इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किये गये कागजात 0

* इनमें सामान्य आदेश, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचनाएं, नियम, करार, संविदा, टेंडर नोटिस. संसदीय प्रश्न, आदि शामिल है

**2. हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (राजभाषा नियम – 5)**

(क) हिंदी में प्राप्त कुल पत्रों की संख्या 65

(ख) इनमें से कितनों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए 0

**3. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाने की स्थिति(केवल'क' एवं 'ख' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए)**

| | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| 'क' क्षेत्र से | 265 | 46 |
| 'ख' क्षेत्र से | 274 | 50 |

**4. भेजे गये कुल पत्रों का ब्योरा**

| | हिंदी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिंदी/द्विभाषी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 'क' क्षेत्र को | 301 | 122 | 423 | 71.16 |
| 'ख' क्षेत्र को | 299 | 145 | 444 | 67.34 |
| 'ग' क्षेत्र को | 250 | 111 | 361 | 69.25 |

**6. फाइलों पर हिंदी में कार्य**

तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियां

| हिंदी में | अंग्रेजी में | कुल संख्या |
|---|---|---|
| 190 | 140 | 330 |

**7. हिंदी कार्यशालाएं**

| तिमाही के दौरान कार्यशाला आयोजन की तिथि | प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या | प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या | कार्यशालोओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 23-12-2015 | 30 | 30 | 1 |
| | 0 | 0 | |
| | 0 | 0 | |
| | 0 | 0 | |

**8. विभागीय/संगठनीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन की तिथि** 23-12-2015

9. (क) हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक की तिथि

(ख) हिंदी सलाहकार समिति की दूसरी बैठक की तिथि

**10. आंतरिक प्रशासनिक बैठकें**

(क) तिमाही के दौरान हुई शीर्षस्थ प्रशासनिक बैठकों की संख्या 10

(ख) ऐसी कितनी बैठकों में वार्तालाप/कार्रवाइयां पूरी तरह हिंदी में की गईं 10

**उल्लिखित सूचना उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बनाई गई है तथा मेंरी जानकारी के अनुसार सही है ।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर

| | |
|---|---|
| पदनाम | विभागाध्यक्ष |
| फोन नम्बर | 02852673382 |
| फैक्स नम्बर | 02852672550 |
| ई-मेल का पता | radhakrishnan.nrcg@gmail.com |

**केंद्रीय सरकार के कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

31 मार्च 2015-2016 **को समाप्त तिमाही**

**भाग - I (प्रत्येक तिमाही में भरा जाए)**

**कार्यालय का नाम** भा कृ अ नु प - मूँगफली अनुसन्धान निदेशालय , जूनागढ़

**भाषाई क्षेत्र** भाषा क्षेत्र ख

**संबंधित राजभाषा अधिकारी का फोन नं. :** 02852673843

**ई-मेल** dpsidarvesh444@gmail.com

**1. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागजात***

(क) जारी कागजात की कुल संख्या 32

(ख) इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किये गये कागजात 0

* इनमें सामान्य आदेश, ज्ञापन, संकल्प, अधिसूचनाएं, नियम, करार, संविदा, टेंडर नोटिस. संसदीय प्रश्न, आदि शामिल है

**2. हिंदी में प्राप्त पत्रों की स्थिति (राजभाषा नियम - 5)**

(क) हिंदी में प्राप्त कुल पत्रों की संख्या 44

(ख) इनमें से कितनों के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए 0

**3. अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाने की स्थिति(केवल'क' एवं 'ख' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के लिए)**

| | अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों की संख्या | इनमें से कितनों के उत्तर हिंदी में दिए गए |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| 'क' क्षेत्र से | 178 | 77 |
| 'ख' क्षेत्र से | 270 | 52 |

**4. भेजे गये कुल पत्रों का ब्योरा**

| | हिंदी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिंदी/द्विभाषी में भेजे गए पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 'क' क्षेत्र को | 311 | 144 | 455 | 68.35 |
| 'ख' क्षेत्र को | 289 | 141 | 430 | 67.21 |
| 'ग' क्षेत्र को | 268 | 125 | 393 | 68.19 |

**6. फाइलों पर हिंदी में कार्य**

तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियों

| हिंदी में | अंग्रेजी में | कुल संख्या |
|---|---|---|
| 155 | 102 | 257 |

**7. हिंदी कार्यशालाएं**

| तिमाही के दौरान कार्यशाला आयोजन की तिथि | प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या | प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या | कार्यशालोओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 5 | 10 | 1 |
| | 0 | 0 | |
| | 0 | 0 | |
| | 0 | 0 | |

**8. विभागीय/संगठनीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के आयोजन की तिथि** 08-03-2016

9. (क) हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक की तिथि

(ख) हिंदी सलाहकार समिति की दूसरी बैठक की तिथि

**10. आंतरिक प्रशासनिक बैठकें**

(क) तिमाही के दौरान हुई शीर्षस्थ प्रशासनिक बैठकों की संख्या 11

(ख) ऐसी कितनी बैठकों में वार्तालाप/कार्रवाइयां पूरी तरह हिंदी में की गई 11

**उल्लिखित सूचना उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बनाई गई है तथा मेंरी जानकारी के अनुसार सही है ।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के हस्ताक्षर


| | |
|---|---|
| पदनाम | विभागाध्यक्ष |
| फोन नम्बर | 02852673382 |
| फैक्स नम्बर | 02852672550 |
| ई-मेल का पता | radhakrishnan.nrcg@gmail.com |


धन्यवाद
DesiGlitters.com